This question paper contains 8+3 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **4219**

Unique Paper Code : **210151**

**C**

Name of the Paper : **Paper 1.1 (Logical Reasoning)**

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Discipline**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours**

Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

**सभी प्रश्न कीजिये।**

## Section A

## (खण्ड 'अ')

1. (*a*) State whether the following statements are true *or* false (any *five*) : 5

(*i*) A sound deductive argument is one that is valid and has all true premises.

(*ii*) An invalid deductive argument is one in which if the premises are true the conclusion could be false.

(*iii*) In E proposition the subject term is distributed but the predicate term is not.

(*iv*) O proposition is the contradictory of A proposition.

(*v*) The middle term appears in both the premises but not in the conclusion.

(*vi*) A syllogism with a particular conclusion can have two universal premises.

(*vii*) Figure and mood together determine a categorical syllogism's logical form.

(*b*) Fill in the blanks (any *five*) : 5

(*i*) The..............................of an argument is the proposition that is affirmed on the basis of other propositions in the argument.

(*ii*) ..............................occurs when the subject and predicate terms of the proposition are interchanged.

(*iii*) To..............................a proposition, change its quality and replace the predicate term by complement.

(*iv*) 'No men are women' is the..............................of 'No women are men'.

(*v*) There are only..........................................ways in which propositions may be opposed.

(*vi*) A valid syllogism will always distribute the............................term in at least *one* premise.

(*vii*) The............................of a syllogism is determined by the position of the middle term in its premises.

(*c*) Give brief answers to the following questions (any *ten*) : 20

(*i*) What is a proposition ?

(*ii*) What is the difference between premise and conclusion ?

(*iii*) What is quality of a proposition ?

(*iv*) What is the mood of a syllogism ?

(*v*) What is the difference between contraries and contradictories ?

(*vi*) What is contraposition ?

(*vii*) What is the role of the middle term in a syllogism ?

(*viii*) When does conversion result in valid inferences ?

(*ix*) Why is contraposition of E proposition not possible ?

(*x*) Construct an argument that commits existential fallacy.

(*xi*) Why in E proposition both the subject and predicate terms are distributed ?

(*xii*) What characterizes the first figure and the fourth figure ?

(*xiii*) What is the fallacy of four terms ?

(*xiv*) Why does O proposition distribute its predicate term ?

(*xv*) Give an example of a syllogism which involves both the fallacies of illicit major and illicit minor.

(*a*) निम्नलिखित वाक्यों का सत्य **अथवा** असत्य के रूप में वर्गीकरण कीजिए (कोई **पाँच**) :

(*i*) एक ठोस निगमनात्मक युक्ति वह होती है जो कि वैध हो तथा जिसके सभी आधार-वाक्य सत्य हों।

(*ii*) एक अवैध निगमनात्मक युक्ति वह है जिसमें यदि सभी आधार-वाक्य सत्य हों तो भी निष्कर्ष असत्य हो सकते हैं।

(*iii*) E प्रतिज्ञप्ति में उद्देश्य पद व्याप्त होता है जबकि विधेय पद अव्याप्त होता है।

(*iv*) O प्रतिज्ञप्ति, A प्रतिज्ञप्ति का व्याघाती होता है।

(*v*) मध्यम पद दोनों आधार-वाक्यों में उपस्थित होता है परन्तु निष्कर्ष में नहीं होता।

(*vi*) विशिष्ट निष्कर्ष वाली न्याययुक्ति के दोनों आधार-वाक्य सार्वभौम हो सकते हैं।

(*vii*) आकृति तथा अवस्था एक साथ निरुपाधिक न्याययुक्ति के आकार का निर्धारण करते हैं।

(*b*) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **पाँच**) :

(*i*) किसी युक्ति का.....................................वह प्रतिज्ञप्ति होती है जिसका विधान अन्य प्रतिज्ञप्तियों के आधार पर किया जाता है।

(*ii*) जब किसी प्रतिज्ञप्ति के उद्देश्य और विधेय पद का अन्त:परिवर्तन करते हैं तब..............................घटित होता है।

(*iii*) किसी प्रतिज्ञप्ति के...............................................के लिए उसके गुण का परिवर्तन करते हैं तथा उसके विधेय का प्रतिस्थापन उसके पूरक पद द्वारा किया जाता है।

(*iv*) 'कोई भी पुरुष स्त्री नहीं है' 'कोई भी स्त्री पुरुष नहीं है' का.................. है।

(*v*) प्रतिज्ञप्तियों का विरोध मात्र..................................प्रकार से हो सकता है।

(*vi*) एक वैध न्याययुक्ति..................................पद को किसी एक आधार-वाक्य में सदैव व्याप्त करती है।

(*vii*) किसी न्याययुक्ति के..................................का निर्धारण आधार-वाक्यों में मध्यम पद की स्थिति के आधार पर किया जाता है।

(*c*) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए (कोई **दस**) :

(*i*) प्रतिज्ञप्ति किसे कहते हैं ?

(*ii*) आधार-वाक्य एवं निष्कर्ष में क्या अन्तर है ?

(*iii*) प्रतिज्ञप्ति के गुण से आप क्या समझते हैं ?

(*iv*) न्याययुक्ति की अवस्था किसे कहते हैं ?

(*v*) विपरीत तथा व्याघाती में क्या अंतर है ?

(*vi*) प्रतिपरिवर्तन क्या होता है ?

(*vii*) किसी न्याययुक्ति में मध्यम पद की क्या भूमिका होती है ?

(*viii*) परिवर्तन से वैध अनुमान कब प्रतिफलित होता है ?

(*ix*) E प्रतिज्ञप्ति का प्रतिपरिवर्तन क्यों संभव नहीं है ?

(*x*) किसी ऐसी युक्ति की संरचना कीजिए जो कि सत्तात्मक तर्कदोष से ग्रसित हो।

(*xi*) E प्रतिज्ञप्ति में उद्देश्य तथा विधेय दोनों ही पद क्यों व्याप्त होते हैं ?

(*xii*) प्रथम तथा चतुर्थ आकृति के क्या लक्षण हैं ?

(*xiii*) चतुष्पद तर्कदोष किसे कहते हैं ?

(*xiv*) O प्रतिज्ञप्ति अपने विधेय पद को क्यों व्याप्त करती है ?

(*xv*) किसी ऐसी न्याययुक्ति का उदाहरण दीजिए जिसमें अनियमित मुख्य पद दोष तथा अनियमित अमुख्य पद दोष दोनों हों।

2. Write notes on any *three* : 15

(*i*) Distribution of terms;

(*ii*) Existential import;

(*iii*) Traditional square of opposition;

(*iv*) Validity and soundness;

(*v*) Relevance of logic.

किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए :

(*i*) पदों की व्याप्ति;

(*ii*) सत्तात्मक तात्पर्य;

(*iii*) परम्परागत विरोध वर्ग;

(*iv*) वैधता एवं ठोसता;

(*v*) तर्कशास्त्र की प्रासंगिकता।

3. (*a*) Arrange the following syllogism into standard form, name its figure and mood. Also test its validity/invalidity using the six rules. (any *one*) 6

(*i*) No industrialists are successful politicians, because no conceited people are successful politicians, and some industrialists are conceited people.

(*ii*) Since all wild animals are ferocious creatures and some animals from Africa are ferocious creatures; therefore some wild animals are animals from Africa.

(*b*) Test the validity/invalidity of the following (any *two*) : 4

(*i*) AEE-1

(*ii*) IAI-2

(*iii*) OAO-3

(*iv*) OEO-4

(*a*) निम्नलिखित न्याययुक्ति को व्यवस्थित आकार में लिखिए एवं इसकी आकृति अवस्था का नाम बताइये तथा इसकी वैधता-अवैधता की जाँच छठवें नियम से कीजिए (कोई **एक**) :

(*i*) कोई भी उद्योगपति सफल राजनीतिज्ञ नहीं होता, क्योंकि कोई भी अहंकारी व्यक्ति सफल राजनीतिज्ञ नहीं होता, तथा कुछ उद्योगपति अहंकारी व्यक्ति होते हैं।

(*ii*) चूँकि सभी जंगली पशु खतरनाक प्राणी होते हैं तथा कुछ अफ्रीकी पशु खतरनाक प्राणी होते हैं, अतः कुछ जंगली पशु अफ्रीकी पशु हैं।

(*b*) निम्नलिखित की वैधता/अवैधता का परीक्षण कीजिए (कोई **दो**) :

(*i*) AEE-1

(*ii*) IAI-2

(*iii*) OAO-3

(*iv*) OEO-4

## Section B

## (खण्ड 'ब')

4. (*a*) Identify the fallacies committed in the following passages (any *five*) : 10

(*i*) "You should buy these shoes because everyone has them."

(*ii*) "I often see dogs in the park. You have a dog; therefore, I often see your dog in the park".

(*iii*) "I know there are angels! There must be : no one can prove that they don't exist!"

(*iv*) "A spoonful of this medicine cured a light cold that I had last month. Half a cupful therefore ought to rid me of this severe one."

(*v*) "Because Smith was standing next to me when I first noticed the disappearance of my wallet, I accuse him of having stolen it."

(*vi*) "The accused is insane, because he lacks sufficient mentality to be guilty of a crime."

(*b*) Write short notes on the following (any *two*) : 10

(*i*) False cause;

(*ii*) Fallacy of accident;

(*iii*) Complex question;

(*iv*) Argument from ignorance.

(*a*) निम्नलिखित गद्यांशों में तर्कदोष की पहचान कीजिए (कोई **पाँच**) :

(*i*) "तुम्हें इन जूतों को खरीदना चाहिए क्योंकि ये हर किसी के पास हैं।"

(*ii*) "उद्यान में अक्सर कुत्ते देखता हूँ। तुम्हारे पास एक कुत्ता है, अत: मैं उद्यान में अक्सर तुम्हारे कुत्ते को देखता हूँ।"

(*iii*) "मुझे पता है कि फरिश्ते होते हैं। होंगे ही, किसी ने उनके अनस्तित्व को सिद्ध नहीं किया।"

(*iv*) "इस दवा की एक चम्मच से मेरी हल्की सर्दी का निवारण पिछले महीने हुआ था। अतः इसका आधा प्याला मुझे अवश्य ही इस कठोर सर्दी से छुटकारा दिलाएगा।"

(*v*) "चूँकि मेरा बटुआ जब लुप्त हुआ था तब स्मिथ मेरे बगल में खड़ा था, अतः मैं उस पर उसकी चोरी का दोष लगाता हूँ।"

(*vi*) 'आरोपी पागल है, क्योंकि उसमें अपराध बोध की समझ नहीं है।"

(*b*) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (कोई **दो**) :

(*i*) मिथ्या कारण;

(*ii*) उपलक्षण तर्कदोष;

(*iii*) छल प्रश्न;

(*iv*) अज्ञानमूलक तर्कदोष।